झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध)– 22/2022 – 767

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः–

विषयः– **आयोग के गढ़वा एवं लातेहार जिलों के भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों/सुझावों के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या द्वारा दिनांक–25.07.2023 से दिनांक–27.07.2023 तक गढ़वा एवं लातेहार जिलों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत् संचालित योजनाओं का निरीक्षण, सुनवाई/जनसुनवाई एवं इन जिलों के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण के साथ संवाद किया गया। गढ़वा जिले में मुखिया संवाद के दौरान आँगनबाड़ी केन्द्र चला रही सेविकाओं को मानदेय नहीं मिल पाने का मामला आयोग के संज्ञान में आया। इस संबंध में विभाग से पत्राचार किये जाने का निदेश प्राप्त है।

अतः आयोग के दिनांक–25.07.2023 से दिनांक–27.07.2023 तक के गढ़वा एवं लातेहार जिला भ्रमण से संबंधित प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि आयोग के भ्रमण के दौरान संज्ञान में आये उक्त मामले के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–गढ़वा एवं लातेहार जिला भ्रमण प्रतिवेदन।

विश्वासभाजन

29/9/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx480

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261